मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 17/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --496/2025
17 अगस्त 2025
नेमरा,रजरप्पा, रामगढ़
============================

★ स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अस्थियां रजरप्पा स्थित दामोदर नदी में विसर्जित।
=============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने ग्रामीण रीति-रिवाज एवं स्थानीय परंपरा के अनुरूप "गुरुजी" की अस्थियां दामोदर नदी के घाट पर विसर्जित की।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के अस्थि-कलश को लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने यहां पूरे पारम्परिक विधि-विधान से स्मृति शेष-"गुरुजी" की अस्थियों को दामोदर नदी में विसर्जित किया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के साथ उनके छोटे भाई विधायक श्री बसंत सोरेन सहित अन्य पारिवारिक सदस्य तथा नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने नम आंखों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अस्थियां विसर्जित की।

रजरप्पा स्थित दामोदर नदी के घाट पर स्थानीय पाहन द्वारा सभी विधिवत रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के हाथों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अस्थियां विसर्जित कराई गई, अस्थियां प्रभावित करते समय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी।

===========================

#Team PRD(CMO)